# आकाशवाणी शिमला
## 29.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

### डॉक्टर–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के आह्वान पर रेजिडेंट डॉक्टरों ने आज से अपनी हड़ताल समाप्त कर सभी अस्पतालों में काम शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री ने इस पर खुशी जताते हुए कहा कि आईजीएमसी मामले की फिर से जांच करने के लिए वरिष्ठ डॉक्टरों की कमेटी गठित की जाएगी। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि डॉक्टरों के काम पर लौटने से मरीजों को राहत मिली है। इस बीच मुख्यमंत्री ने कहा कि आईजीएमसी में हुई घटना के बाद राज्य सरकार डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर भी कार्य कर रही है और उन्होंने इस बारे में अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

### जी–राम–जी–विरोध

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश मंत्रिमंडल के सदस्यों ने आज शिमला के रिज मैदान पर महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास मनरेगा का नाम बदलने को लेकर धरना दिया। पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत जी–राम–जी योजना में अब नए प्रावधानों के अनुसार 90 फीसदी दिहाड़ी केंद्र सरकार और दस फीसदी राज्य सरकार वहन करेगी। उन्होंने केंद्र सरकार से इस योजना में पंचायतों की मांग के अनुसार विकास कार्य तय करने और विकास ज़रूरतों को ध्यान में रखने की मांग की है।

### धनीराम शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने शिक्षा, ज्ञान और कठिन परिश्रम को सफलता का आधार बताया है। उन्होंने आज सोलन विधानसभा क्षेत्र के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल ममलीग के वार्षिक समारोह में शिरकत की और मेधावी बच्चों को पुरस्कार बांटे। धनीराम शांडिल ने कहा कि आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है और अध्यापकों को, बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी तैयार करना होगा। उन्होंने बताया कि ममलीग स्कूल को राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल के रूप में स्तरोन्नत किया जाएगा और अगले सत्र से यहां सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम भी शुरू हो जाएगा।

### बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कांग्रेस पार्टी पर परिवारवाद को बढ़ावा देने और तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि परिवारवाद के कारण देश में कई बड़े कांग्रेस नेताओं का करियर समाप्त किया गया और पार्टी एक परिवार तक ही सीमित होकर रह गई है। बिंदल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सत्ता में रहने के लिए संविधान में 70 से अधिक संशोधन किए और देश की संस्कृति को आघात पहुंचाया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि हिमाचल में भी कांग्रेस पार्टी ने झूठी गारंटियां देकर ही सत्ता हासिल की है।

### प्रतिनिधिमंडल

चंबा जिले की जनजातीय पांगी घाटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट कर उन्हें अपनी मांगों से अवगत करवाया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पांगी घाटी के विकास में सरकार कोई कमी नहीं रखेगी और सभी जायज़ मांगों को पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनजातीय क्षेत्रों का विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए बजट में विशेष प्रावधान किया गया है।

### पर्यटक

नववर्ष का जश्न मनाने के लिए राज्य के पर्यटक स्थल सैलानियों से गुलजार हो गए हैं। पर्यटन कारोबारियों के अनुसार राज्य में 80 फीसदी तक होटलों की कमरों की बुकिंग हो चुकी है। होटलों के अलावा होम स्टे और गेस्ट हाउस में भी सैलानी बुकिंग कर रहे हैं। शिमला सहित मनाली, डलहौजी, किन्नौर और लाहौल–स्पीति में कमरों की बुकिंग हो रही है। शिमला और मनाली के लिए दिल्ली से चलने वाली टूरिस्ट वोल्वों की संख्या भी दोगुनी हो गई है।

---